**प्रेस विज्ञप्ति**
**27.07.2026**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर आंचलिक कार्यालय ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) की राज्य सेवा परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, प्रश्नपत्र लीक एवं चयन प्रक्रिया में हेरफेर से संबंधित मामले में तत्कालीन अध्यक्ष तमन सिंह सोनवानी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है। तमन सिंह सोनवानी को पीएमएलए की धारा 19 के अंतर्गत दिनांक 25.07.2026 को गिरफ्तार किया गया तथा माननीय विशेष न्यायालय (पीएमएलए), रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय ने उन्हें 30.07.2026 तक 7 दिनों के लिए ईडी की अभिरक्षा में भेज दिया है।

ईडी ने यह जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ईओडब्ल्यू/एसीबी), रायपुर द्वारा दर्ज एफआईआर तथा उसके बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गई जांच के आधार पर प्रारंभ की थी। एफआईआर में तमन सिंह सोनवानी एवं अन्य के विरुद्ध वर्ष 2020 एवं 2021 में आयोजित सीजीपीएससी राज्य सेवा परीक्षाओं के संचालन में आपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे।

ईडी की जांच में यह सामने आया कि तमन सिंह सोनवानी ने सीजीपीएससी के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए अन्य लोक सेवकों एवं निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर प्रश्नपत्र लीक करने तथा अवैध पारितोषिक के बदले चयन प्रक्रिया में हेरफेर करने का आपराधिक षड्यंत्र रचा। इसका उद्देश्य अपने रिश्तेदारों एवं अन्य पसंदीदा अभ्यर्थियों का उप कलेक्टर तथा उप पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न वरिष्ठ शासकीय पदों पर अवैध रूप से चयन सुनिश्चित करना था।

जांच में यह भी उजागर हुआ कि वर्ष 2021 में सीजीपीएससी के भर्ती नियमों में संशोधन कर "परिवार" की परिभाषा से "भतीजा" शब्द को हटा दिया गया, जिससे तमन सिंह सोनवानी के रिश्तेदारों के चयन का मार्ग प्रशस्त हुआ। अपराध की आय (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) का एक हिस्सा नकद के रूप में प्राप्त किया गया तथा शेष राशि को लेयरिंग के माध्यम से बैंकिंग लेन-देन द्वारा प्रवाहित किया गया। पीएमएलए, 2002 की धारा 50 के अंतर्गत दर्ज अपने बयान में तमन सिंह सोनवानी ने टालमटोल एवं असहयोगपूर्ण उत्तर दिए तथा महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया। अपराध की आय का पता लगाने, मनी ट्रेल को स्थापित करने तथा मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने के उद्देश्य से उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

आगे की जांच जारी है।